**Fourteenth Loksabha**

**Session : 4**
**Date : 26-04-2005**

**Participants : Mahato Shri Sunil Kumar**

Title: Need to include ‘Kurmi’ caste of Jharkhand in the list of Scheduled Tribes.

**श्री सुनील कुमार महतो (जमशेदपुर)** : अध्यक्ष महोदय, झारखंड सरकार ने झारखंड में रहने वाली कुर्मी जाति का शेडयूल्ड ट्राइब सूची में शामिल किए जाने हेतु प्रस्ताव भेजा है जो अभी तक लंबित है। झारखंड में रहने वली कुर्मी जाति की प्रकृति एवं प्रवृत्ति आदिवासी जैसी है एवं वे अत्यंत पिछड़ी हुयी हैं। उनके विकास हेतु उन्हें शेडयूल्ड ट्राइब की सूची में शामिल करना अतिआवश्यक है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि झारखंड में रहने वाली कुर्मी जाति को शेडयूल्ड ट्राइब में शामिल किये जाने के प्रस्ता व को शीघ्र स्वीकृत किया जाये।